RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 13
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 16 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की मार्गदशक होंगी सानिया मिर्जा
पेज - 12

# छात्रों ने यूनिवर्सिटी और यूथ गेम्स में लहराया परचम



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के बीए तृतीय वर्ष के छात्र शुभम ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक का प्रतिनिधित्व करते हुए 9 से 12 फ़रवरी 2023 तक मानव रचना यूनिवर्सिटी फरीदाबाद में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी निशानेबाज़ी चैंपियनशिप के 25 मीटर पिस्टल राउंड में टीम में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र शुभम बीसला ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स निशानेबाज़ी प्रतियोगिता में मिक्स टीम में रजत पदक प्राप्त किया। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी ने दोनों खिलाडियों का महाविद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया तथा शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।